बरेली, शुक्रवार
26 जुलाई, 2024
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण
PAGE NO : 07 MIDDLE

एसआरएमएस में आयोजित हुआ कार्यक्रम • सौ. संस्थान

अधिक उम्र में शादी बढ़ा रही निसंतानता

जासं, बरेली : एसआरएमएस मेडिकल कालेज में गुरुवार को विश्व आइवीएफ दिवस मनाया गया। एसआरएमएस मेडिकल कालेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग ने यह कार्यक्रम कराया। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति ने कहा कि उच्च शिक्षा और नौकरी में व्यस्तता, अधिक उम्र में होने वाली शादियां, लाइफ स्टाइल की वजह से निसंतानता बढ़ रही है, मगर अब आइवीएफ के जरिये बच्चे की इच्छा कभी भी और किसी भी उम्र में पूरी हो सकती है। हालांकि 10-20 वर्ष पहले ऐसा संभव नहीं था। स्त्री और प्रसूति रोग विभाग की अध्यक्ष और आइवीएफ विशेषज्ञ डा. शशि बाला ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर प्रिंसिपल एयर मार्शल डा. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी सिंह, डिप्टी एमएस डा. सीएम चतुर्वेदी, डीन यूजी डा. नीलिमा मेहरोत्रा, डा. पियूष कुमार आदि मौजूद रहे।